पतरातू में ‘पर्यटन विहार’ (वीआईपी गेस्ट हाउस) का उद्घाटन

चर्चा में क्यों?

11मई, 2023 को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और पर्यटन मंत्री हफीजुल हसन ने रामगढ़ ज़िले के पतरातू लेक रिसोर्ट परिसर में नवनिर्मित जी प्लस थ्री ‘पर्यटन विहार’ (वीआईपी गेस्ट हाउस) का उद्घाटन किया।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पतरातू में सैलानियों के लिये जल्द ही 6.5 किमी लंबे रोपवे का निर्माण करने की घोषणा की।
- इसके अलावा पतरातू और नेतरहाट के लिये भी बस सेवा की शुरुआत करने की भी घोषणा की गई। वहीं, उन्होंने पतरातू डैम में वाटर एक्टिविटीज तथा वाटर स्पोर्ट्स भी नियमित रूप से आयोजित करने की घोषणा की।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लगभग 12 करोड़ 92 लाख रुपए की लागत से 6 योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इसमें 7 करोड़ 10 लाख रुपए की 2 योजनाओं का उद्घाटन और 5 करोड़ 82 लाख रुपए की 4 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। इसके अलावा समारोह में पर्यटन निदेशालय द्वारा आयोजित फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।
- उल्लेखनीय है कि पतरातू झारखंड के रामगढ़ ज़िले में स्थित एक आकर्षक घाटी पर्यटक स्थल है।
- यह स्थल अपने बांध की वजह से स्थानीय लोगों के बीच काफी ज्यादा लोकप्रिय है, जिसे सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की देखरेख में आसपास के कस्बों और गाँवों की पानी की ज़रूरतों को पूरा करने के लिये बनाया गया था।
- पतरातू घाटी 1300 फीट से अधिक की ऊँचाई पर स्थित है, ये प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लेने के लिये परफेक्ट वीकेंड स्पॉट माना जाता है। यहाँ प्रसिद्ध पतरातू थर्मल पावर स्टेशन भी है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/paryatan-vihar-inaugurated-in-the-patratu